परम धर्म श्रुति बिदित अहिंसा । पर निंदा सम अघ न गरिसा ।।
धरमु न दूसर सत्य समाना । आगम निगम पुराण बखाना ।।
जेहि बिधि प्रभु प्रसन्न मन होई । करूणा सागर कीजि सोइ ।।
|| मानस सनातन धर्म || Ram Katha 971- New Delhi || ※मोरारी बापू

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

DGR Detective Group Report

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 11 अंक : 188 | इंदौर, बुधवार 21 जनवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# भाजपा के पास है कितना पैसा

## ● चुनाव आयोग तक पहुंची रिपोर्ट में हुआ खुलासा



**नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने ECI यानी भारत निर्वाचन आयोग को धनराशि का ब्योरा दिया है। पार्टी की तरफ से सौंपी गई रिपोर्ट में बताया गया है कि भाजपा को 6 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का चंदा मिला है। खास बात है कि मंगलवार को भाजपा के नए अध्यक्ष चुने गए नितिन नवीन को अब इस धनराशि के इस्तेमाल का अधिकार मिलेगा।**

हाल ही में निर्वाचन आयोग को सौंपी गई भाजपा की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार पार्टी के पास लगभग 10,000 करोड़ रुपये की नकदी और जमा राशि हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि भाजपा के खातों में 2024-25 में 2,882.32 करोड़ रुपये की शुद्ध वृद्धि हुई। 31 मार्च 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष में पार्टी के 'जनरल फंड' में मौजूद धनराशि 12,164 करोड़ रुपये पहुंच गई, जो पिछले साल 9,169 करोड़ रुपये था।साल 2024-25 में, दिल्ली में आम आदमी पार्टी (आप) और ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) को सत्ता से हटाने के बाद पार्टी के चुनाव प्रचार खर्च में लगभग दोगुनी वृद्धि हुई। यह खर्च पिछले साल 1,754.06 करोड़ रुपये था जो बढ़कर 3,335.36 करोड़ रुपये हो गया।

### चंदे में कितना धन मिला

साल 2024-25 में, भाजपा को चंदे के रूप में 6,125 करोड़ रुपये मिले, जबकि पिछले साल 3,967 करोड़ रुपये मिले थे। रिपोर्ट के अनुसार, पार्टी के पास 9,390 करोड़ रुपये की सावधि जमा है, और 2024-25 में उसे बैंकों से 634 करोड़ रुपये का ब्याज मिला। भाजपा ने 2024-25 में 65.92 करोड़ रुपये का आयकर रिफंड दाखिल किया और इस पर 4.40 करोड़ रुपये का ब्याज प्राप्त किया।

### चुनाव प्रचार पर कितना खर्च हुआ

पार्टी का चुनाव खर्च 2024-25 में कुल खर्च का 88.36 प्रतिशत था। इस रिपोर्ट के अनुसार, 2024-25 में चुनाव पर खर्च की कुल राशि 3,335.36 करोड़ रुपये थी, जिसमें से 312.9 करोड़ रुपये उम्मीदवारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने पर खर्च किए गए, 583 करोड़ रुपये हवाई जहाज और हेलीकॉप्टर यात्राओं पर खर्च हुए। चुनाव प्रचार के लिए इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर 1,125 करोड़ रुपये, कटआउट, होर्डिंग्स और बैनरों पर 107 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसके अलावा, विज्ञापन पर 897 करोड़ रुपये, रैलियों और अभियानों पर 90.93 करोड़ रुपये, तथा बैठकों पर 51.72 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026

# सीएम दावोस में पर्यटन निवेश सत्र को आज करेंगे संबोधित, पर्यटन निवेश पर होगा फोकस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 21 जनवरी को वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम के दौरान दावोस में पर्यटन क्षेत्र में निवेश पर केंद्रित सत्र को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के "विकास भी, विरासत भी" के विजन से प्रेरित होकर राज्य सरकार ने पर्यटन को समावेशी और सतत विकास का मजबूत माध्यम बनाया है। इसके परिणामस्वरूप हाल के वर्षों में प्रदेश में 13.30 करोड़ से अधिक पर्यटकों का आगमन दर्ज किया गया है। आध्यात्मिक पर्यटन मध्यप्रदेश की प्रमुख पहचान बन चुका है। उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर में अब तक 6.5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। खजुराहो, सांची, ओरछा, महेश्वर, अमरकंटक और



चित्रकूट जैसे ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित कर रहे हैं। राज्य सरकार की पर्यटन नीति-2025 और फिल्म पर्यटन नीति-2025 के माध्यम से निवेश, रोजगार सृजन और सतत पर्यटन विकास को नई दिशा मिली है। फिल्म पर्यटन नीति के तहत मध्यप्रदेश राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय फिल्म निर्माण के लिए पसंदीदा गंतव्य के रूप में उभर रहा है। ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश के 81 गांवों में 370 से अधिक होम-स्टे विकसित किए गए हैं, जिन्हें 1000 तक बढ़ाने का लक्ष्य है। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती के साथ स्थानीय लोगों को रोजगार और आय के अवसर मिल रहे हैं। पर्यटन अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए पीएम श्री पर्यटन वायु सेवा के अंतर्गत भोपाल, इंदौर, जबलपुर, उज्जैन, ग्वालियर, रीवा, सिंगरौली और खजुराहो को हवाई संपर्क से जोड़ा गया है। वहीं पीएम श्री पर्यटन हेली सेवा के जरिए तेज और सुरक्षित यात्रा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

"बेस्ट टूरिज्म स्टेट ऑफ द ईयर" सहित 18 राष्ट्रीय पुरस्कार, यूनेस्को की टेंटेटिव लिस्ट में प्रदेश के चार धरोहर स्थलों का शामिल होना और देश की 69 यूनेस्को धरोहरों में से 15 का मध्यप्रदेश में स्थित होना राज्य की पर्यटन क्षमता और वैश्विक प्रतिष्ठा को दर्शाता है। मध्यप्रदेश अब पर्यटन, परंपरा और प्रगति के संगम के साथ वैश्विक निवेशकों और पर्यटकों के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार है।

## खाद्य विभाग द्वारा बड़ी कार्रवाई

## 600 किलोग्राम अमानक खाद्य सामग्री जब्त

**@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र), इंदौर।** जिले में कलेक्टर शिवम वर्मा के निर्देश पर खाद्य विभाग द्वारा अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों में मिलावट करने, अवैध तथा अस्वच्छ वातावरण में खाद्य सामग्री बनाये जाने वालों के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छोटा बांगड़दा क्षेत्र में बड़ी कार्रवाई की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग के अमले यह कार्रवाई मुस्कान डेयरी, नमकीन एवं स्वीट्स प्रतिष्ठान पर की। इस दौरान प्रतिष्ठान में पनीर, घी में उपयोग होने वाली सामग्रियों में गंदगी इत्यादि होना पाया गया। खाद्य विभाग की टीम ने मौके से पनीर, क्रीम, तेल के नमूने लिए। साथ ही 150 किलोग्राम पनीर, 300 किलोग्राम क्रीम एवं 150 किलोग्राम घी शंका के आधार पर जब्त किया गया। मौके पर खाद्य लाइसेंस की शर्तों का पालन होना नहीं पाया गया। उक्त प्रतिष्ठान को सुधार किए जाने तक बंद कराया गया।

# इंदौर का 'करोड़पति भिखारी' निकला उधार वसूलने वाला!

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर शहर को भिक्षावृत्ति से मुक्त करने के अभियान के तहत हाल ही में रेस्क्यू किए गए मांगीलाल का मामला अब विवादों में घिर गया है। प्रशासन ने मांगीलाल को एक करोड़पति भिखारी माना था, लेकिन अब उनके परिजनों ने सामने आकर इन दावों को पूरी तरह खारिज कर दिया है। परिजनों का कहना है कि मांगीलाल कोई भिखारी नहीं हैं, बल्कि सराफा बाजार में वह अपने उधार दिए गए पैसे वसूलने जाते थे।**

प्रशासन द्वारा दावा किया गया था कि मांगीलाल के पास तीन मकान, तीन ऑटो-रिक्शा और एक निजी कार है। इस पर मांगीलाल के भतीजे ने स्पष्ट किया है



कि जिस तीन मंजिला इमारत का जिक्र किया जा रहा है, वह असल में उनकी मां के नाम पर पंजीकृत है। भतीजे के अनुसार, इस मकान पर लिए गए ऋण की किस्तें वे स्वयं भरते हैं और उनके पास इसके पुख्ता कानूनी दस्तावेज मौजूद हैं। उन्होंने यह भी कहा कि अन्य संपत्तियों को लेकर जो जानकारी फैलाई गई है, वह तथ्यात्मक रूप से गलत है। परिजनों के मुताबिक, मांगीलाल पूर्व में राजमिस्त्री का कार्य करते थे, लेकिन कुष्ठ रोग के कारण शारीरिक अक्षमता आने पर उन्होंने काम छोड़ दिया। भतीजे ने बताया कि मांगीलाल बुलियन मार्केट के छोटे व्यापारियों और श्रमिकों को पैसे उधार देते थे। जिस समय उन्हें रेस्क्यू किया गया, वे सराफा बाजार में अपनी उधारी वसूलने ही गए थे। शारीरिक कमजोरी के कारण वे पहियों वाले तख्ते का उपयोग करते हैं, जिसे देखकर लोगों ने उन्हें भिखारी समझ लिया और उनकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर गलत संदर्भ में प्रसारित कर दी गईं।

### पूरी संपत्ति को भीख से जोड़ना सही नहीं

भिक्षावृत्ति उन्मूलन अभियान के अधिकारियों का कहना है कि मांगीलाल वर्ष 2021 से इस गतिविधि में लिप्त थे और उन्होंने बाजार में लाखों रुपये ब्याज पर दे रखे हैं। वहीं, इस क्षेत्र में कार्यरत एनजीओ 'प्रवेश' की अध्यक्ष रूपाली जैन का मानना है कि मांगीलाल की पूरी संपत्ति को भीख से जोड़ना सही नहीं है। उन्होंने कहा कि बीमारी और सामाजिक तिरस्कार के कारण मांगीलाल की स्थिति दयनीय हुई है। इंदौर कलेक्टर शिवम वर्मा ने इस मामले में निष्पक्ष जांच का आश्वासन दिया है और कहा है कि दस्तावेजों के सत्यापन के बाद ही कोई कानूनी कदम उठाया जाएगा।

अवैध पटाखा निर्माण पर प्रशासन की बड़ी संयुक्त कार्रवाई

# बिना लाइसेंस संचालित अवैध फैक्ट्री से फटाका निर्माण में प्रयुक्त होने वाली बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जब्त

## ● कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देश पर की गई विस्फोटक अधिनियम के तहत कार्रवाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** इंदौर जिले में अवैध विस्फोटक गतिविधियों के विरुद्ध जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है। इसी क्रम में ग्राम जलोदिया पार में अवैध रूप से संचालित पटाखा फैक्ट्री पर प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई की गई है। बिना लाइसेंस और सुरक्षा इंतजामों के चल रही इस अवैध पटाखा फैक्ट्री को जिला प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा पकड़ा गया है। कार्रवाई के दौरान फटाका निर्माण में प्रयुक्त होने वाली बड़ी मात्रा में विस्फोटक सामग्री जप्त की गई है। यह कार्रवाई कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशन में की गई है।







जिले के ग्राम जलोदिया पार में अवैध रूप से पटाखा फैक्ट्री संचालित होने की सूचना जिला प्रशासन को प्राप्त हुई थी। सूचना की पुष्टि हेतु कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार अनुविभागीय दण्डाधिकारी देपालपुर श्री राकेश मोहन त्रिपाठी, संयुक्त कलेक्टर श्री दीपक सिंह चौहान, तहसीलदार श्री बलवीरसिंह राजपूत एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस देपालपुर श्री संघमित्र सम्राट एवं अन्य पुलिस विभाग व राजस्व विभाग के कर्मचारियों के साथ संयुक्त रूप से मौके का स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि उक्त स्थल पर बिना वैध अनुमति लाइसेंस के पटाखा निर्माण संबंधी गतिविधियाँ की जा रही थीं, जो नियमों के विरुद्ध हैं। सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की दृष्टि से मौके पर कोई संसाधन उपलब्ध नही पाए गये। मौके पर सुतली के बंडल 12 बोरी-प्रत्येक में 06 नग खुले हुए करीब 20 नग, 55 प्लास्टीक ट्रे, पुस्टे के बारुद भरने की बोरी, एक प्लास्टिक की बोरी में रबड बैंड, एक बोरी में हरा कलर (सुखा), 6 सफेद पीला केमिकल पावडर, 2 बोरी पेक सल्फर पावडर, 6 बोरी टाट की जिसमें पिला केमिकल पावडर, 2 स्टील डब्बे में एल्युमिनियम पावडर, 3 प्लास्टीक की ट्रे में खुला बारुद स्थल पर पाई गई, जो कि सील किया गया तथा नियमानुसार पंचनामा तैयार किया गया। पंचनामा एवं सीलिंग की कार्यवाही पुलिस एवं राजस्व अमले की उपस्थिति में संपन्न की गई।

अनावेदक के द्वारा उक्त स्थल पर विस्फोटक सामग्री रखकर अवैध फटाका फैक्ट्री संचालन की तैयारी थी, लेकिन पुलिस व राजस्व विभाग के द्वारा मौके पर पहले से कार्यवाही की जाकर अनावेदक के मनसुबे को नाकाम कर दिया गया। उक्त अवैध गतिविधि विस्फोटक अधिनियम एवं अन्य संबंधित नियमों का उल्लंघन की श्रेणी में आता है। उक्त स्थल पर पूर्व में भी अवैध फटाका निर्माण किये जाने पर अनावेदक संजय पिता विनोद द्वारा के विरुध्द विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1884 के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया था। वारदात स्थल पर गत 17 दिसम्बर 2025 को भी अवैध फटाका निर्माण की शिकायत पर कच्ची सामग्री एवं तैयार अवैध पटाखे की जप्ती की कार्यवाही की गई थी।

# उन्नत भारत अभियान के अंतर्गत SGSITS इंदौर में GPDP अभिमुखीकरण कार्यक्रम आयोजित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्री गोविंदराम सेक्सेरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (SGSITS) इंदौर में उन्नत भारत अभियान (UBA) के अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना (GPDP) पर आधारित बी.टेक विद्यार्थियों हेतु हैंड-होल्डिंग अभिमुखीकरण एवं सहयोग कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी रूप से दक्ष विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता से समग्र एवं सहभागी ग्रामीण विकास को गति देना रहा।**



यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पंचायती राज मंत्रालय के मार्गदर्शन में ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र, राऊ के सहयोग से आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. सुधीर जैन, उप निदेशक, पंचायती राज निदेशालय, मध्य प्रदेश ने GPDP की अवधारणा, योजना निर्माण प्रक्रिया, सहभागी नियोजन, वित्तीय प्रावधानों तथा प्रभावी क्रियान्वयन रणनीतियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि "GPDP केवल एक योजना नहीं, बल्कि ग्राम स्वशासन को सशक्त बनाने का एक प्रभावी लोकतांत्रिक माध्यम है, जिसमें युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।"

ग्रामीण विकास प्रशिक्षण केंद्र, राऊ से आये अन्य प्रशिक्षकों ने भी संवादात्मक एवं व्यावहारिक सत्रों के माध्यम से विद्यार्थियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने की कार्यप्रणाली से अवगत कराया।

इस कार्यक्रम में लगभग 200 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रशिक्षण उपरांत गठित छात्र दलों को 80 गांवों में भेजा जाएगा, जहां वे ग्राम पंचायतों के साथ मिलकर GPDP आधारित प्रशिक्षण सत्र एवं कार्यशालाएं आयोजित करेंगे। इससे स्थानीय शासन, सहभागी नियोजन एवं ग्रामीण विकास की प्रक्रियाओं को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। इस संपूर्ण पहल का वित्तपोषण पंचायती राज मंत्रालय द्वारा किया जाएगा।

कार्यक्रम की संयोजक एवं उन्नत भारत अभियान की समन्वयक प्रो. निधि ओसवाल (एसोसिएट प्रोफेसर) ने स्वागत उद्बोधन में UBA 1.0 एवं UBA 2.0 के उद्देश्यों, उपलब्धियों एवं भावी दृष्टिकोण पर प्रकाश डालते हुए कहा कि "उन्नत भारत अभियान उच्च शिक्षण संस्थानों को समाज से जोड़ने का सशक्त माध्यम है, जहां विद्यार्थी सीखने के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी सक्रिय भागीदारी निभाते हैं।"

SGSITS में UBA गतिविधियों का समन्वय प्रो. कृष्णकांत धाकड़ एवं प्रो. निधि ओसवाल द्वारा किया जा रहा है, जिनकी इस आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

संस्थान के निदेशक प्रो. नीतेश पुरोहित ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि "उन्नत भारत अभियान जैसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को कक्षा से बाहर निकलकर वास्तविक सामाजिक समस्याओं को समझने और उनके तकनीकी समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान करते हैं। ऐसे प्रयास सतत ग्रामीण विकास एवं जमीनी स्तर के शासन को मजबूत करने में मील का पत्थर सिद्ध होंगे।

## पिता-पुत्र ने सब्जी विक्रेता को मारा चाकू

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** परदेशीपुरा थाना क्षेत्र में दुकान लगाने को लेकर हुए विवाद में एक पिता और पुत्र ने सब्जी विक्रेता पर चाकू से हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में भी एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार लक्की वर्मा निवासी शिवाजी नगर की शिकायत पर हेमंत तोमर और उसके बेटे देवांश तोमर के खिलाफ चाकूबाजी का मामला दर्ज किया गया है। लक्की वर्मा एमएल टावर, मालवा मिल क्षेत्र में सब्जी की दुकान लगाता है। शिकायत में बताया गया कि आरोपी वहां पहुंचे और दुकान लगाने को लेकर गाली-गलौज करने लगे। इसके बाद उन्होंने हाथ-मुक्कों से मारपीट की। इसी दौरान देवांश तोमर ने चाकू निकालकर लक्की की कमर में वार कर दिया। आसपास मौजूद लोगों ने बीच-बचाव कर उसे बचाया।

# तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराई, दो युवक घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** लसूड़िया थाना क्षेत्र में सोमवार रात तेज रफ्तार कार डिवाइडर से जा टकराई। इस हादसे में कार में सवार दो युवक घायल हो गए। दोनों युवक मूल रूप से देवास के रहने वाले हैं, जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। लसूड़िया पुलिस के अनुसार हादसा निपनिया चौराहे के पास हुआ। कार क्रमांक MP09 BF 0809 में सवार राजपाल चौरसिया और संजय सोलंकी निवासी देवास सोमवार रात होटल कंचन पैलेस में एक दोस्त की बर्थडे पार्टी से लौट रहे थे। कार की रफ्तार काफी तेज थी और संतुलन बिगड़ने पर वह सीधे डिवाइडर में जा घुसी। सूचना मिलते ही 112 एफआरवी में पदस्थ आरक्षक नरेंद्र और राधेश्याम मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। हादसे में संजय सोलंकी के पैर में फ्रैक्चर बताया जा रहा है, जबकि कार चला रहे राजपाल चौरसिया को भी चोटें आई हैं। कार चालक राजपाल ने पुलिस को बताया कि अचानक सामने एक वाहन आ जाने के कारण उसे बचाने की कोशिश में हादसा हुआ। हालांकि पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कर रही है, ताकि हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाया जा सके।

# स्वयंसेवकों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर।** शासकीय संस्कृत महाविद्यालय रामबाग की एनएसएस इकाई द्वारा सात दिवसीय आवासीय शिविर महाविद्यालय के गोदग्राम जंबूर्डी हप्सी में लगाया जा रहा है जिसके पांचवें दिन प्रातःकाल देवी अहिल्या विश्वविद्यालय एन एस एस के समन्वयक डॉक्टर प्रकाश गढ़वाल पहुंचे तथा स्वयं सेवकों में उत्साह बढ़ाया डा प्रकाश गढ़वाल ने अपने उद्बोधन में स्वयंसेवकों की जीवन शैली अनुशासित रहने और स्वस्थ जीवन कैसे हो इस पर अपने विचार प्रकट किये। बाद में जंबूर्डी हैप्सी के उप स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ डॉक्टर पूजा यदुवंशी द्वारा सभी स्वयं सेवकों को स्वास्थ्य के प्रति सजग रहने व नशा न करने की सलाह दी।आपने कहा कि स्वस्थ शरीर ही सबसे बड़ी पूंजी है। इसके बाद सभी स्वयंसेवकों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। बौद्धिक सत्र में महाविद्यालय की समाजशास्त्र की प्राध्यापिका ऋचा मेहता और डा छवि खरे ने भी स्वयं सेवकों को स्वस्थ जीवन शैली अपनी सामाजिक कर्तव्य और अधिकारों के प्रति सजग रहने का पर प्रकाश डाला। बौद्धिक सत्र का संचालन डॉक्टर एम एल चौहान ने किया तथा स्वयंसेवक नरेंद्र वास्केल और शंकर सिंह चौहान ने आभार प्रकट किया।



मन का डर नहीं गया

# टैंकर का पानी भी उबाल कर इस्तेमाल करते है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। भागीरथपुरा में अभी क्षेत्र के दूसरे हिस्से में पाइपलाइन डालने का काम चल रहा है, जबकि 13 जनवरी से एक दिन छोड़कर करीब 30% हिस्सों में पानी की सप्लाई की जा रही है। दरअसल, यह सप्लाई खासतौर पर पानी के सैंपल लेने के उद्देश्य से की जा रही है।**



मंगलवार को भी पानी की सप्लाई की गई, लेकिन लोगों ने पानी नहीं भरा। उनका कहना है कि मन में डरा भरा हुआ है। कोई भरोसा नहीं कब गंदा पानी आ जाए। यहां आज भी टैंकरों से पानी की सप्लाई की जा रही है। इलाके में पानी की आपूर्ति के लिए 50 टैंकर लगाए गए हैं। साथ ही यहां नर्मदा लाइन और ड्रेनेज लाइन का बचा हुआ काम भी चल रहा है। रहवासी अर्चना यादव ने बताया कि जो पानी सप्लाई हो रहा है, उसका इस्तेमाल पीने के लिए नहीं कर रहे हैं, क्योंकि मन का डर अभी नहीं निकला है। सभी लोगों की स्थिति यही है और सभी सावधानी बरत रहे हैं। हालांकि, पानी के टैंकर घर-घर आ रहे हैं। पीने के लिए भी टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। टैंकर से पानी आते समय अनाउंसमेंट किया जाता है कि टैंकर के पानी को भी उबालकर और छानकर ही इस्तेमाल करें और अभी सावधानी बरतें। लोग वैसा ही कर भी रहे हैं, लेकिन पीने के लिए अलग से पानी खरीदकर ला रहे हैं। वे 2 से 3 केन पानी खरीदते हैं। रहवासी शोभा पाटिल ने बताया कि मन नहीं मानता इसलिए हम पीने के लिए आरओ का पानी ही इस्तेमाल कर रहे हैं। डर का माहौल तो है। आज सप्लाई आई, लेकिन हमने पानी नहीं भरा, नल ही नहीं खोला। पहले जब नल खोला था तो मिट्टी और गंदा पानी आया था। आज करीब 10 मिनट के लिए पानी आया था। इस्तेमाल के लिए अलग और पीने के लिए अलग टैंकर आता है। सुमित्रा गुर्जर ने बताया कि पानी का इस्तेमाल उबालकर कर रहे हैं। आरओ का पानी भी उबाल रहे हैं। आज जो पानी लाइन से आया, उसे नहीं भरा और टैंकर का पानी उपयोग कर रहे हैं। मेरी तबीयत भी खराब हो गई थी। उल्टी-दस्त की शिकायत भी हुई थी। डर तो हमेशा के लिए बैठ गया है- कब गंदा पानी आ जाए, कब क्या हो जाए। नर्मदा का पानी भी आए तो कैसे पिएंगे, यह डर बना हुआ है। कोई भरोसा नहीं कि कब गंदा पानी आ जाए। भागीरथपुरा के पार्षद कमल वाघेला ने बताया कि मंगलवार को नर्मदा लाइन से 30% इलाके में पानी की सप्लाई की गई है। साथ ही लोगों से पानी छानकर और उबालकर उपयोग करने की अपील की गई है। बची हुई सप्लाई लाइन का करीब 70% काम पूरा हो चुका है। संभवतः अगले 8 दिनों में सप्लाई लाइन का काम पूरा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि अभी भी लोगों में डर का माहौल है, क्योंकि बड़ी घटना हुई है। धीरे-धीरे ही लोगों का आत्मविश्वास लौटेगा।

# इंजीनियरिंग छात्र ने होस्टल में फांसी लगाई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। स्कीम नंबर 71 स्थित एक निजी होस्टल में रहने वाले इंजीनियरिंग छात्र ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार शाम जब उसका दोस्त कमरे पर पहुंचा तो वह फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाकर मामले की जांच शुरू कर दी है।**



छात्र के कमरे से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। वह मूल रूप से रीवा जिले के पास का रहने वाला था। द्वारकापुरी थाना के एएसआई रामगोपाल वर्मा के मुताबिक मृतक छात्र की पहचान सुरेन्द्र पुत्र केदार साकेत के रूप में हुई है। वह स्कीम नंबर 71 के एक निजी होस्टल में अपने दोस्त अंकित के साथ रह रहा था। सोमवार को अंकित किसी काम से बाहर गया हुआ था, जबकि सुरेन्द्र कॉलेज नहीं गया था। शाम को जब अंकित वापस लौटा तो सुरेन्द्र ने कमरे का दरवाजा नहीं खोला। शक होने पर उसने होस्टल संचालक को सूचना दी। दरवाजा खोलने पर सुरेन्द्र कमरे के अंदर फंदे पर लटका मिला। इसके बाद तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सुरेन्द्र एसजीआईटीजीएस कॉलेज में इलेक्ट्रॉनिक इंजीनियरिंग प्रथम वर्ष का छात्र था। उसके पिता केदार साकेत ने बताया कि करीब छह माह पहले ही बेटे ने कॉलेज में एडमिशन लिया था। परिवार में सुरेन्द्र तीन भाइयों और चार बहनों में से एक था। अगले माह उसकी बड़ी बहन की शादी भी तय है। सुरेन्द्र चंद्रोई गांव का निवासी था। फिलहाल पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## ग्राहक पंचायत की नई टीम अब करेगी आपकी मदद




इंदौर। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत द्वारा समर्पण दिवस कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, मालवा प्रांत के सह-सेवा प्रमुख नंदकिशोर नागर ने मुख्य अतिथि के रूप में अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि भारत को उन्नति के शिखर पर पहुंचाने के लिए ग्राहक पंचायत के माध्यम से लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि राष्ट्र और संगठन दोनों हमारे हैं, इसलिए इनके संचालन हेतु समय और साधन जुटाने की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। नागर ने स्पष्ट किया कि व्यक्तिगत समर्पण के बिना राष्ट्र निर्माण का लक्ष्य प्राप्त करना संभव नहीं है, और उन्होंने कार्यकर्ताओं को अपनी पूरी शक्ति से राष्ट्र सेवा में जुटने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम के दौरान विशिष्ट अतिथि मनीष स्वामी ने बताया कि ग्राहक पंचायत के निरंतर जन-जागरण अभियानों का सकारात्मक प्रभाव समाज में दिखाई देने लगा है। वर्तमान में मिलावटखोरी और उपभोक्ताओं के शोषण के विरुद्ध दर्ज होने वाली शिकायतों की संख्या में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। यह इस बात का प्रमाण है कि उपभोक्ता अब अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग और जागरूक हो रहे हैं। समर्पण दिवस के इस विशेष अवसर पर इंदौर महानगर की नवीन कार्यकारिणी की आधिकारिक घोषणा की गई। प्रांत संगठन मंत्री मुकेश कौशल ने नई टीम के नामों का विवरण प्रस्तुत किया। अजय रघुवंशी को इंदौर महानगर का नया अध्यक्ष और विनोद ठाकुर को सचिव नियुक्त किया गया है। टीम में संध्या पगारे और मनोज पंवार को उपाध्यक्ष, जबकि कीर्ति दीक्षित और आलोक कुमावत को सह-सचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वित्तीय प्रबंधन हेतु महेंद्र साहू को कोषाध्यक्ष और अरुण पाण्डे को सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

नाबालिग के साथ छेड़छाड़

# पुलिस ने पीड़ित परिवार को थाने में तीन घंटे बैठाया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। परदेशीपुरा थाने में टीआई के अनुपस्थित रहने के दौरान एक नाबालिग से छेड़छाड़ और गंभीर अपराध के मामले में पुलिस स्टाफ ने पीड़ित परिवार को थाने में करीब तीन घंटे बैठाया। बाद में जब टीआई आरडी कानवा थाने पहुंचे, तो परिवार ने उन्हें पूरे घटनाक्रम की जानकारी दी। टीआई ने स्टाफ को फटकारते हुए आरोपी को हिरासत में लेने और तुरंत एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।**

जबकि पिछले दिनों ही पुलिस कमिश्नर संतोष सिंह ने निर्देश दिए थे कि थाने में टीआई के अनुपस्थित रहने पर भी ड्यूटी अधिकारी सीनियर अधिकारियों को जानकारी देते हुए तत्काल एफआईआर दर्ज करें। इसके बावजूद कई थानों में यह निर्देश पालन नहीं किया जा रहा है। परदेशीपुरा पुलिस ने रविवार-सोमवार दरमियानी रात 10 वर्षीय लड़की की मां की शिकायत पर ग्यारसी लाल पुत्र देवचंद्र के खिलाफ छेड़छाड़ सहित गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की।

इधर, मंगलवार को पीड़िता को 20 नंबर कोर्ट में धारा 164 के बयान के लिए पेश किया गया। पीड़िता की मां के मुताबिक आरोपी ने ढाई महीने पहले भी उनकी बेटी के साथ गलत हरकत की थी, लेकिन लोकलाज के कारण उस समय किसी को कुछ नहीं बताया गया। पीड़िता की मां ने बताया कि वह ज्यादातर समय घर पर नहीं रहती। पहली बार आरोपी ने 25 नवंबर 2025 को बेटी को "कबिट देने" के बहाने बुलाया। इसके बाद उसने बच्ची को गोद में बैठाकर गलत हरकत की। बच्ची डरकर घर भाग गई और शाम को मां को पूरी घटना बताई। हालांकि, लोकलाज के कारण उन्होंने किसी को नहीं बताया और बेटी को समझाया कि ग्यारसी लाल के बुलाने पर न जाए। 17 जनवरी की रात मोबाइल देखने पर मां ने देखा कि बेटी की बिना कपड़ों की कुछ तस्वीरें थीं। जब बेटी से पूछा गया, तो उसने बताया कि ग्यारसी लाल ने यह तस्वीरें दिखाने को कहा और धमकी दी कि अगर ऐसा नहीं किया तो पिता को मार दिया जाएगा। इसके बाद पीड़िता ने पूरे मामले की जानकारी अपने पति को दी। परिवार आरोपी से मिलने गया, जहां ग्यारसी लाल और उसका बेटा योगेश अपशब्द बोले और मारपीट करते हुए धमकाया। इसके बाद पीड़ित परिवार बच्ची के साथ थाने पहुंचा। टीआई आरडी कानवा के न आने के कारण ड्यूटी पर मौजूद महिला अधिकारी ने परिवार की बात सुनी, लेकिन करीब तीन घंटे तक इंतजार कराया गया। रात में टीआई के आने पर एफआईआर दर्ज कर ग्यारसी लाल को हिरासत में लिया गया।

## भागीरथपुरा क्षेत्र में जिला प्रशासन की सतत निगरानी

इंदौर। भागीरथपुरा क्षेत्र में जलजनित घटना के उपरांत जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा की गई त्वरित और प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप क्षेत्र में स्थिति तेजी से सामान्य हो रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने बताया कि क्षेत्र में मरीजों की संख्या लगातार घट रही है। मंगलवार को भागीरथपुरा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर ओपीडी में 122 मरीज पहुंचे, जिसमें से डायरिया के तीन मरीज थे। अस्पतालों में अब तक कुल 449 मरीज भर्ती किए जा चुके हैं, जिसमें से 433 स्वस्थ होकर अपने घरों को लौट गए हैं। 09 अभी भी वार्ड में भर्ती हैं और 07 आईसीयू में उपचारत हैं। कलेक्टर श्री शिवम वर्मा के निर्देशानुसार क्षेत्र में 02 एम्बुलेंस लगाई गई हैं, 24x7 चिकित्सकों की ड्यूटी क्षेत्र में लगाई गई है।

मप्र के नेताओं की शुभकामनाएं, सीएम ने कहा-

# नवीन नेतृत्व में जनसेवा और संगठन के काम में नई ऊंचाई छुएगी भाजपा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। भाजपा के नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन के पदभार ग्रहण करने के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, राजेंद्र शुक्ला, प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल, प्रदेश महामंत्री राहुल कोठारी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व सांसद वीडी शर्मा समेत मप्र के सभी नेताओं ने बारी-बारी से उनसे नई दिल्ली स्थित पार्टी मुख्यालय में मुलाकात कर शुभकामनाएं दी।**



मप्र के बड़े नेताओं में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल, गोपाल भार्गव, जयभान सिंह पवैया, नरोत्तम मिश्रा समेत उन सभी 22 नेताओं से मुलाकात की, जो सोमवार को प्रस्तावक बने थे।

सीएम डॉ. यादव ने कहा कि सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी की कमान युवा, ऊर्जावान नितिन नवीन को सौंपा जाना भाजपा के मजबूत संगठन, अनुशासन व दूरदर्शी सोच का प्रतीक है। उनके नेतृत्व में भाजपा विचार, संगठन व जनसेवा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगी।

## इनका धर्म से कोई लेना-देना नहीं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदू धर्म के साथ नहीं, बल्कि हिंदुत्व के साथ खड़ी है। दिग्विजय सिंह ने कहा-"हिंदुत्व कोई धर्म नहीं है, यह केवल एक पहचान है। भाजपा लोगों को मूर्ख बनाने का काम कर रही है।" दिग्विजय सिंह ने कहा- भाजपा और आरएसएस इनका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। ये केवल लोगों को डराते हैं हिंदुओं एक हो जाओ, हिंदू धर्म खतरे में हैं और ओवैसी कहते हैं मुसलमानों एक हो जाओ हिंदुओं से खतरा है। दोनों मिलकर खेल खेलते हैं। न हिंदुओं को खतरा है न मुसलमानों को खतरा है। सावरकर और जिन्ना ने देश का बंटवारा कराया, अब मोहल्लों के बंटवारे हो रहे।

25 जनवरी को कोठी रोड पर राहगीरी आनंदोत्सव

## सीएम डॉ. मोहन यादव होंगे शामिल, उज्जैन नगर निगम ने तेज की तैयारियां

**उज्जैन। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 25 जनवरी को अपने दिन की शुरुआत कोठी रोड पर आयोजित 'राहगीरी आनंदोत्सव' में शामिल होकर करेंगे। इस मौज-मस्ती और स्वास्थ्य पूर्ण गतिविधियों से जुड़े आयोजन में मुख्यमंत्री पूरे कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहेंगे।**

तरणताल से कोठी रोड तक आयोजित होने वाले राहगीरी उत्सव की तैयारियों को नगर निगम द्वारा अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसके तहत कोठी रोड तक दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी की जा रही है, पेड़-पौधों की ट्रिमिंग कराई जा रही है और पेवर ब्लॉक लगाए जा रहे हैं।

प्रभारी आयुक्त संतोष टैगोर ने बताया कि नगर निगम से संबंधित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय से पहले पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। इनमें राहगीरी के पूरे मार्ग पर मरम्मत एवं पैच वर्क, सफाई व्यवस्था, पेड़-पौधों



की ट्रिमिंग, दीवारों पर वॉल पेंटिंग व स्वच्छता से जुड़े स्लोगन, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छता ब्रांडिंग, पेवर ब्लॉक का संधारण, पेयजल सुविधा, चलित शौचालय और मंच व्यवस्था सहित अन्य सभी जरूरी काम शामिल हैं।

'राहगीरी आनंदोत्सव' में पारंपरिक खेलों के साथ कई मनोरंजक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इनमें अंटी (कंचे), रस्सीकूद, बोरा दौड़ और सितोलिया जैसे खेल शामिल होंगे। वहीं सांस्कृतिक कार्यक्रमों के तहत हरियाणवी और मालवी नृत्य, गरबा, कथा सागर, अखाड़ा प्रदर्शन, एरोबिक, योग, बॉडी बिल्डिंग और मलखंभ का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम-2026

## गूगल करेगा म.प्र. में आईटी, आईटीईएस और डेटा सेंटर में निवेश

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। गूगल के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के प्रेसिडेंट संजय गुप्ता के साथ दावोस में मंगलवार को मध्यप्रदेश के अधिकारियों ने बैठक कर राज्य में आईटी, आईटीईएस सेक्टर और मौजूदा प्रस्तावित डेटा सेंटर परियोजनाओं पर विस्तार से चर्चा की।**

श्री गुप्ता ने मध्यप्रदेश में आईटी, आईटीईएस और डेटा सेंटर में निवेश की रूचि दिखाई। बैठक में नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला सहित अधिकारी उपस्थित रहे। गूगल की ओर से राज्य में जेमिनी एआई के माध्यम से कृषि एवं शिक्षा क्षेत्रों में नवाचार और डिजिटल समाधान लागू करने की संभावनाओं पर भी विचार साझा किए गए। बैठक में राज्य शासन द्वारा आईटी एवं डेटा सेंटर परियोजनाओं के लिए पर्याप्त एवं सतत विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु हरित ऊर्जा आधारित नीति तैयार करने की योजना से अवगत कराया गया। साथ ही, गूगल जैसी वैश्विक कंपनियों की विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने की मध्यप्रदेश की क्षमता, अनुकूल नीतिगत



ढांचा और सहयोगी दृष्टिकोण को भी रेखांकित किया गया। गूगल के एशिया पैसिफिक क्षेत्र के प्रेसिडेंट संजय गुप्ता ने आईटी अवसंरचना, डिजिटल नवाचार और कौशल विकास के माध्यम से मध्यप्रदेश को एक उभरते तकनीकी केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में सहयोग दिए जाने पर सहमति व्यक्त की।

गणतंत्र दिवस परेड-2026 में दिखेगी मध्यप्रदेश की भव्य झांकी

## कर्तव्य पथ पर जीवंत होगी लोकमाता अहिल्या बाई की गौरव गाथा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी। गणतंत्र दिवस 2026 नई दिल्ली के 'कर्तव्य पथ' पर मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक समृद्धि और नारी शक्ति का अनूठा संगम देखने को मिलेगा। इस वर्ष मध्यप्रदेश की झांकी "पुण्य श्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर" के व्यक्तित्व और उनके महान कृतित्व पर केंद्रित होगी। यह वर्ष लोकमाता की 300वीं जयंती का है, जिसे प्रदेश सरकार झांकी के माध्यम से पूरे विश्व के सामने गर्व के साथ प्रस्तुत कर रही है।**

मध्यप्रदेश की इस गौरवशाली विरासत को राष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष स्थान दिलाने के



लिए रक्षा मंत्रालय द्वारा 'पीपुल्स च्वाइस अवार्ड' के अंतर्गत ऑनलाइन वोटिंग का आयोजन किया जा रहा है। सभी प्रदेशवासी MyGov पोर्टल के लिंक https://www.mygov.in/node/357048/ पर जाकर राज्यों की सूची में 'Madhya Pradesh' का चयन कर अपना बहुमूल्य मत दे सकते है। वोटिंग की समय-सीमा 26 जनवरी से 28 जनवरी 2026 तक निर्धारित की गई है। झांकी के अग्र भाग में लोकमाता देवी अहिल्या बाई होलकर की वह चिर-परिचित वात्सल्यमयी प्रतिमा प्रदर्शित की जायेगी, जिसमें वे हाथ में शिवलिंग धारण किए हुए है। यह दृश्य भारतीय मातृशक्ति की सौम्यता और अदम्य आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। झांकी के मध्य भाग में उन्हें अश्व पर सवार एक कुशल प्रशासक और वीरांगना के रूप में दिखाया जायेगा। झांकी के पिछले हिस्से में मां नर्मदा के तट पर स्थित ऐतिहासिक महेश्वर घाट, मंदिर और किले की भव्यता को उकेरा जायेगा। इसके साथ ही, लोकमाता द्वारा देश के विभिन्न कोनों में कराए गए मंदिरों के जीर्णोद्धार, जैसे वाराणसी का काशी विश्वनाथ मंदिर, बद्रीनाथ, केदारनाथ, सोमनाथ और जगन्नाथपुरी आदि को भी पैनल के माध्यम से दर्शाया जायेगा। झांकी का एक विशेष आकर्षण विश्व प्रसिद्ध 'महेश्वरी साड़ी' का निर्माण करती महिलाएं रहेंगी, जो प्रदेश की आर्थिक और सांस्कृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। झांकी के साथ चलते लोक कलाकार अपनी लोक धुनों से समां बांधेंगे।

ज्ञान-विज्ञान

## संपादकीय

# खाड़ी में नया 'शीत युद्ध' और भारत की सधी हुई राह

सोमवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान मुश्किल से तीन घंटे के लिए भारत यात्रा पर आए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उनका जिस गर्मजोशी से स्वागत किया और एक ही गाड़ी में बैठे, उससे जाहिर है कि उनकी आना भारत के लिए कितना महत्वपूर्ण है। इस दौरान भारत और यूएई के बीच ट्रेड डील को दोगुना करके 200 अरब डॉलर तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता भी जाहिर की गई। लेकिन, शेख के छोटे से दौरे में जो सबसे बड़ी बात हुई, वह है 'रणनीतिक रक्षा साझेदारी' को लेकर आपसी सहमति, जो कि अपनी तरह का पहला है। आने वाले समय में जियोपॉलिटिक्स में यह बहुत बड़े बदलाव की वजह बन सकती है। यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान ने ऐसे समय में बहुत ही टाइट शेड्यूल के बीच भारत आने का वक्त निकाला, जब उनके देश का सऊदी अरब के साथ तनाव चल रहा है। ये दोनों ही देश 2014 में हूती विद्रोहियों के खिलाफ एक ही सैन्य गठबंधन का हिस्सा थे। सूडान में प्रभुत्व को लेकर भी अभी दोनों देशों के बीच सत्ता संघर्ष चल रहा है। यह तल्खी इतनी बढ़ चुकी है कि शेख मोहम्मद बिन जायद और सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के बीच सीधे मुंह बात भी नहीं होती। स्थिति ऐसी हो चुकी है कि कहा जाने लगा है कि यूएई और सऊदी अरब के बीच नया 'शीत युद्ध' छिड़ चुका है। यूएई भारत का तीसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार है। भारत का दूसरा सबसे बड़ा एक्सपोर्ट डेस्टिनेशन यही है। भारत में निवेश में इसका सातवां स्थान है। लेकिन, जिस दौर में दोनों देशों ने रणनीतिक रक्षा साझेदारी को लेकर रिश्ते मजबूत करने का संकल्प लिया है, उसके बड़े कूटनीतिक और जियोपॉलिटिकल मायने हैं। गाजा और इजरायल का मामला पहले ही चल रहा था और अब ईरान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप में भयंकर जुबानी जंग छिड़ चुकी है। कभी ट्रंप ईरानी सत्ता को तबाह करने की धौंस दिखा रहे हैं तो कभी ईरानी सरकार उनके हाथ काटने और दुनिया उजाड़ने के चेतावनी दे रही है। पिछले साल सितंबर में इजरायल ने अचानक कतर पर बम गिरा दिया। इसके बाद सऊदी अरब में ऐसी दहशत मची कि मुस्लिम देश होने के नाम पर वह पाकिस्तान के साथ रक्षा संधि करने को मजबूर हो गया, जिसमें तुर्की के भी घुसने की चर्चा हैं। जाहिर है कि ऑपरेशन सिंदूर से मिली सीख यह बताता है कि इसका असर भारत पर भी पड़ सकता है। ऐसे में खाड़ी के एक शक्तिशाली देश के साथ रक्षा करार बहुत ही महत्वपूर्ण हो जाता है। वहीं, सऊदी अरब से बिगड़ते रिश्ते की वजह से यूएई को भी किसी भरोसेमंद साझीदार की जरूरत दिखाई पड़ रही है। भारत और यूएई में रणनीतिक रक्षा साझेदारी के जिस फ्रेमवर्क को लेकर तैयारी शुरू हुई है, उसके बारे में कुछ लोगों को लग रहा है कि हो सकता है कि यह एक तरह के सैन्य गठबंधन की तरह हो, जो क्षेत्रीय असंतुलन को संतुलित रखने के लक्ष्य के साथ बनाई जाए। हालांकि, विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने इस तरह के अटकलों को तरजीह न देते हुए सिर्फ इतना कहा कि समझौते को क्षेत्र में 'एक काल्पनिक भविष्य के परिदृश्य' में भारत की भागीदारी की तरह नहीं देखना चाहिए। कुछ भी हो, भारत और यूएई अगर रक्षा क्षेत्र में नजदीक भी आ रहे हैं, तो इसका कतई अर्थ नहीं कि बाकी खाड़ी देशों से भारत के ताल्लुकात खराब हैं। भारत यह कभी नहीं भूल सकता कि इस क्षेत्र में करीब एक करोड़ भारतीय रह रहे हैं। लेकिन, इतना तय है कि दोनों देशों ने खाड़ी क्षेत्र की मौजूदा परिस्थितियों के दौरान ही जिस तरह से एकसाथ रक्षा और व्यापार के क्षेत्र में आपसी रिश्तों को नई ऊंचाइयों पर ले जाने का फैसला किया है, उससे क्षेत्र में दोनों ही देशों ने अपनी स्थिति काफी मजबूत की है। क्योंकि, दोनों देशों के अपने-अपने हित हैं और भविष्य के लिए उन्हें और मजबूत करना कूटनीतिक और आर्थिक तौर पर बहुत जरूरी भी। जहां एक तरफ भारत को अपने हर मौसम के दुश्मन पाकिस्तान से निपटना है, वहीं यूएई को अपने नए क्षेत्रीय शत्रुओं से मिल रही चुनौती से निपटने की तैयारी करनी है।

# आसमान से भी ऊंची उड़ान भरने वाली सुनीता विलियम्स NASA से रिटायर

## अंतरिक्ष में बिताए 608 दिन



NASA की मशहूर अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स ने 27 साल की लंबी और ऐतिहासिक सेवा के बाद एजेंसी से संन्यास ले लिया है. उनका रिटायरमेंट 27 दिसंबर 2025 से प्रभावी हुआ. सुनी विलियम्स ने अपने करियर में अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर तीन मिशन पूरे किए और मानव अंतरिक्ष उड़ान के क्षेत्र में कई कीर्तिमान स्थापित किए.

NASA के मुताबिक, सुनीता विलियम्स ने कुल 608 दिन अंतरिक्ष में बिताए, जो किसी भी NASA अंतरिक्ष यात्री द्वारा बिताए गए कुल समय में दूसरा सबसे बड़ा आंकड़ा है. उन्होंने नौ स्पेसवॉक किए, जिनकी कुल अवधि 62 घंटे 6 मिनट रही. यह किसी महिला अंतरिक्ष यात्री द्वारा किया गया सबसे अधिक स्पेसवॉक समय है, जबकि कुल मिलाकर वह इस सूची में चौथे स्थान पर हैं. इसके अलावा, वह अंतरिक्ष में मैराथन दौड़ने वाली पहली इंसान भी बनीं.

NASA प्रशासक जैरेड आइजैकमैन ने कहा कि सुनीता विलियम्स मानव अंतरिक्ष उड़ान की अग्रणी रहीं और उन्होंने अंतरिक्ष स्टेशन पर अपने नेतृत्व से भविष्य के मिशनों की नींव रखी. उनके योगदान ने चंद्रमा के लिए आर्टेमिस मिशन और भविष्य में मंगल ग्रह की ओर बढ़ने की राह आसान की है.

### 2006 में स्पेस शटल डिस्कवरी से भरी उड़ान

सुनीता विलियम्स ने पहली बार दिसंबर 2006 में स्पेस शटल डिस्कवरी से उड़ान भरी थी. इसके बाद 2012 में उन्होंने कजाखस्तान के बैकोनूर कॉस्मोड्रोम से अंतरिक्ष की यात्रा की और अंतरिक्ष स्टेशन की कमांडर भी रहीं. हाल ही में वह जून 2024 में बोइंग स्टारलाइनर मिशन के तहत अंतरिक्ष गई थीं और मार्च 2025 में पृथ्वी पर लौटीं.

### पीढ़ियों को प्रेरित करेगा सुनीता का करियर

NASA के जॉनसन स्पेस सेंटर की निदेशक वनेसा वाइचे ने कहा कि सुनीता का करियर नेतृत्व, समर्पण और साहस का प्रतीक है, जो आने वाली पीढ़ियों के अंतरिक्ष यात्रियों को प्रेरित करता रहेगा. रिटायरमेंट पर सुनी विलियम्स ने कहा कि अंतरिक्ष उनके लिए सबसे पसंदीदा जगह रही है और NASA में बिताया गया समय उनके जीवन का सबसे बड़ा सम्मान है. उन्होंने उम्मीद जताई कि उनके काम से चांद और मंगल मिशनों का रास्ता और मजबूत होगा.

# गुजरात तट पर उबल रहा है समुद्र... मीथेन लीक का खतरा या भूकंप आने की आशंका

गुजरात के तट के पास अरब सागर में समुद्र का पानी अचानक 'उबलता' हुआ दिखाई दिया है. मछुआरों ने वीडियो में बड़े-बड़े इलाकों में पानी तेजी से हिलता-डुलता और बुलबुले छोड़ता हुआ कैद किया है. यह घटना महाराष्ट्र के पालघर जिले के पास हुई है, जिससे प्रशासन और मछुआरों में हड़कंप मच गया है.

पालघर जिला आपदा प्रबंधन सेल के प्रमुख विवेकानंद कदम ने इस घटना को 'बहुत असामान्य' बताया है. उन्होंने कहा कि यह सिर्फ लहरों की वजह से नहीं हो सकता. हमें तुरंत समुद्री और औद्योगिक विशेषज्ञों से जांच करानी चाहिए. यह इलाका व्यस्त समुद्री मार्गों और मछली पकड़ने के अच्छे क्षेत्रों के पास है, इसलिए जहाजों की सुरक्षा और मछुआरों की जान का खतरा है.

**समुद्र तल से गैस रिसावः** मीथेन या अन्य गैसें (जैसे हाइड्रोजन सल्फाइड या कार्बन डाइऑक्साइड) समुद्र के नीचे से निकलकर पानी में बुलबुले बना सकती हैं. यह प्राकृतिक मीथेन सीप्स की वजह से होता है, जो भूकंपीय सक्रिय इलाकों में आम है.



**भूगर्भीय गतिविधिः** अरब सागर का यह हिस्सा टेक्टॉनिक रूप से सक्रिय है. भूकंप या समुद्र तल की हलचल से गैस रिलीज हो सकती है. गर्म हो रहे समुद्र में मीथेन हाइड्रेट अस्थिर होकर गैस छोड़ सकते हैं.

**मानव निर्मित कारणः** मुंबई हाई ऑयल-गैस फील्ड्स के पास अंडरसी पाइपलाइन में लीकेज. अगर कोई पाइपलाइन फट जाए या रिसाव हो, तो गैस बाहर निकल सकती है. अन्य संभावनाएंः बड़े जहाजों से गैस या केमिकल रिसाव, लेकिन अभी कोई पुष्टि नहीं.

### हो रही है जांच?

सरकार ने जांच शुरू कर दी है. इंडियन नेशनल सेंटर फॉर ओशन इन्फॉर्मेशन सर्विसेज (INCOIS) की टीम मौके पर भेजी गई है. पालघर प्रशासन भारतीय तटरक्षक बल (Indian Coast Guard), नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ ओशनोग्राफी (NIO) और ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉर्पोरेशन (ONGC) के साथ मिलकर काम कर रहा है.

सर्वे जहाजों से सोनार और गैस सेंसर से जांच होगी. पानी के सैंपल लेकर गैस की जांच की जाएगी. मछुआरों को चेतावनी दी गई है कि उस इलाके से दूर रहें और जहाजों को रूट बदलने की सलाह दी गई है.

### पहले भी ऐसी घटनाएं

यह घटना दुनिया में पहले भी हुई है, जैसे 2024 में नॉर्थ सी में समुद्र उबलने जैसी घटना, जो सब्सी पाइपलाइन या ज्वालामुखी गतिविधि से जुड़ी थी. गुजरात का तट जलवायु परिवर्तन और समुद्र स्तर बढ़ने से प्रभावित है, जिससे ऐसी घटनाएं बढ़ सकती हैं.

New Delhi

# देरी से पहुंचे संसद तो सांसदों की कट जाएगी हाजिरी, सैलरी से भी धोना पड़ेगा हाथ

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** संसद के बजट सत्र में लोकसभा सचिवालय सांसदों की हाजिरी को लेकर एक नई शुरुआत करने जा रहा है। अब सांसदों की हाजिरी सदन के भीतर सीट पर बैठकर ही डिजिटल तरीके से लग पाएगी। यदि कोई सांसद देरी से सदन में पहुंचता है और तब तक हंगामे या किसी और वजह से सदन दिनभर के लिए स्थगित हो जाता है तो फिर माननीय की उस दिन की हाजिरी नहीं लग पाएगी। उन्हें एक दिन के वेतन-भत्ते से हाथ धोना पड़ेगा।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि हम यह प्रावधान करने जा रहे हैं कि सदन में पहुंचकर ही हाजिरी लगाई जा सकेगी। अभी तक सदन के बाहर हाजिरी के लिए जो रजिस्टर होता था, अब उसे हटा देंगे। ऐसे सांसद जो रजिस्टर में हाजिरी लगाकर चले जाते थे, या सदन स्थगित होने के बाद पहुंचते थे, उनके लिए मुश्किल होगी। उन्हें सदन में जाना ही होगा।



उन्होंने कहा कि संसद की कार्यवाही डिजिटल हो चुकी है। अब उसमें एआई का इस्तेमाल परीक्षण के तौर पर चल रहा है। इसमें काफी निगरानी और सावधानी की जरूरत है। अभी परीक्षण के तौर पर वक्ताओं के भाषणों के अनुवाद में इसका इस्तेमाल किया जा रहा है। बाद में लोग उसे चेक करते हैं। यह 80 फीसदी तक सटीक है।

आईटी कंपनी की मदद से इसे 100 फीसदी सटीक बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

New Delhi

# समलैंगिक रिश्ते में अड़चन बना पति, सुपारी देकर पत्नी ने करा दिया मर्डर

## दिल दहला देगी कत्ल की ये वारदात

**नई दिल्ली/फतेहपुर, (एजेंसी)** उत्तर प्रदेश के फतेहपुर जिले का असोथर थाना क्षेत्र आमतौर पर शांत माना जाता है, लेकिन 14 जनवरी की सुबह इलाके के टिकर गांव में ऐसा मंजर सामने आया, जिससे हड़कंप मच गया. अरहर के खेत में पड़े एक शव ने ग्रामीणों की नींद उड़ा दी. खेत में फैली खून की लकीरें बता रही थीं कि हत्या बेहद बेरहमी से की गई है. पुलिस मौके पर पहुंची तो शव की हालत देखकर साफ हो गया कि मामला साधारण नहीं है. गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं और हर कोई इस वारदात के पीछे की वजह जानना चाहता था.

अब पुलिस का पहला काम था लाश की शिनाख्त करना. लिहाजा, पुलिस ने शव की पहचान 45 वर्षीय राम सुमेर सिंह के रूप में की. पुलिस पाया कि उसका गला रेत दिया गया था, जिससे साफ था कि हत्यारे किसी भी कीमत पर उसकी जान लेना चाहते थे, लाश 14 जनवरी की सुबह बरामद हुई थी, लेकिन हत्या एक रात पहले ही हो चुकी थी. मौका-ए-वारदात से कोई ठोस सुराग न मिलने के कारण शुरुआती जांच में पुलिस भी उलझन में थी. हालांकि, कत्ल करने के बेरहम तरीके ने अफसरों को गहन तफ्तीश के लिए मजबूर कर दिया.

इस हत्याकांड की जांच आगे बढ़ी तो पुलिस की नजर सबसे पहले मृतक के घर और उसके पारिवारिक संबंधों पर गई. राम सुमेर की पत्नी रेनू देवी के व्यवहार में कुछ असामान्य बातें सामने आईं. पुलिस को पता चला कि पति-पत्नी के बीच लंबे समय से तनाव चल रहा था. उनके रिश्ते अच्छे नहीं थे. इसके बाद गांव वालों के बयानों और रेनू की कॉल डिटेल्स ने जांच की दिशा ही बदल दी. धीरे-धीरे शक की सुई घर की दहलीज तक पहुंचने लगी.

Jammu

# PIA लिखा गुब्बारा मिला




**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले के राजौली में मंगलवार को लाल-सफेद रंग का गुब्बारा मिला है। इस पर PIA लिखा है। 24 घंटे में गुब्बारा मिलने की यह दूसरी घटना है। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक गुब्बारे को सबसे पहले विलेज डिफेंस गार्ड (VDG) के सदस्य ने देखा था। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

Uttarpradesh

# हाईकोर्ट में घुसकर 'दबिश' देना पड़ा भारी 2 दारोगा-1 सिपाही पर FIR, सस्पेंड भी हुए

**लखनऊ, (एजेंसी)** लखनऊ हाईकोर्ट परिसर में उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया, जब गो तस्करी के एक मामले में आरोपी महिला को पकड़ने पहुंचे दो दारोगा और एक सिपाही ने नियमों को ताक पर रखकर एक अधिवक्ता के चैंबर में दबिश दे दी. पुलिसकर्मियों के इस कदम का वकीलों ने कड़ा विरोध किया और उन्हें घेर लिया. देखते ही देखते मामला गरमा गया और पुलिस कंट्रोल रूम तक सूचना पहुंची. जानकारी के मुताबिक, काकोरी थाने के दारोगा उस्मान खान, एसएसआई लाखन सिंह और सिपाही पुष्पेंद्र सिंह को सूचना मिली थी कि आरोपी महिला आमिना खातून हाईकोर्ट में अपने अधिवक्ता रिश्तेदार से मिलने आई है. इसके बाद तीनों ने हाईकोर्ट में प्रवेश की पर्ची बनवाई और सीधे चैंबर नंबर 515 ब्लॉक-सी में पहुंच गए. जैसे ही महिला को पकड़ने की कोशिश की गई, वहां मौजूद अधिवक्ता एकजुट हो गए और पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए. वकीलों के विरोध के बाद विभूतिखंड थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और हालात को संभाला. इसके बाद अधिवक्ता सज्जाद हुसैन और हाईकोर्ट के निबंधक (सुरक्षा) शैलेंद्र कुमार की तहरीर पर तीनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ झूठी सूचना देने, आपराधिक अतिचार, धोखाधड़ी और धमकाने जैसी धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई.




खेल

# विमेंस प्रीमियर लीग में दिल्ली की दूसरी जीत

## मुंबई को 7 विकेट से हराया, कप्तान जेमिमा की फिफ्टी; श्री चरणी को 3 विकेट

**मुंबई। विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) में दिल्ली कैपिटल्स को दूसरी जीत मिल गई। टीम ने वडोदरा के कोटाम्बी स्टेडियम में मुंबई इंडियंस को 7 विकेट से हरा दिया। पहले बैटिंग करते हुए मुंबई ने 154 रन बनाए, दिल्ली ने 19 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया।**



खराब शुरुआत के बाद संभली MI टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी मुंबई ने 5वें ओवर तक 2 विकेट गंवा दिए। सजीवन सजना 9 और हैली मैथ्यूज 12 ही रन बनाकर आउट हो गईं। टीम पावरप्ले में 23 रन ही बना सकी, जो इस सीजन का सबसे छोटा स्कोर भी रहा।कप्तान हरमनप्रीत कौर ने फिर नैट सिवर-ब्रंट के साथ पारी संभाल ली। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और 13 ओवर तक टीम का कोई और विकेट नहीं गिरने दिया। 14वें ओवर में फिर हरमन 41 रन बनाकर आउट हुईं। उनके बाद निकोला कैरी 12 और अमनजोत कौर 3 रन बनाकर आउट हो गईं।

श्री चरणी को 3 विकेट आखिर में संस्कृति गुप्ता ने 10 रन बनाकर सिवर-ब्रंट के साथ टीम को 154 तक पहुंचा दिया। सिवर-ब्रंट 65 रन बनाकर नॉटआउट लौटीं, उन्होंने WPL में 11वीं फिफ्टी लगाई। दिल्ली के लिए स्पिनर श्री चरणी ने 3 विकेट लिए। मारिजान कैप और नंदनी शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

दिल्ली की मजबूत शुरुआत 155 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी दिल्ली कैपिटल्स को शेफाली वर्मा और लिजेल ली ने मजबूत शुरुआत दिलाई। दोनों ने 7 ओवर में टीम को 60 रन तक पहुंचा दिया। शेफाली 24 गेंद पर 29 रन बनाकर आउट हुईं, उन्हें डेब्यू कर रहीं वैष्णवी शर्मा ने बोल्ड किया। लिजेल भी 46 रन बनाकर 11वें ओवर में आउट हो गईं। उन्हें अमनजोत कौर ने स्टंपिंग कराया।

लौरा वोलवार्ट ने फिर कप्तान जेमिमा रोड्रिग्ज के साथ मिलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। इस दौरान MI ने स्कोरिंग रेट पर लगाम लगा दी। 17वें ओवर में वोलवार्ट 17 बनाकर रन आउट हो गईं। जेमिमा की कप्तानी पारी आखिरी 4 ओवर में 37 रन चाहिए थे।

कप्तान जेमिमा ने अगले 2 ओवर में 23 रन बनाकर प्रेशर कम कर दिया। आखिरी 2 ओवर में 14 रन चाहिए थे। जेमिमा ने फिफ्टी लगाई और मारिजान कैप के साथ मिलकर टीम को जीत दिला दी। मुंबई से अमनजोत कौर और वैष्णवी शर्मा को 1-1 विकेट मिला।

सिनेमा

# अमिताभ बच्चन के पास है गोल्डन टॉयलेट, तस्वीर देखकर हो जाएंगे हैरान, इंटरनेट पर वायरल



इन दिनों सोशल मीडिया पर एक मजेदार ट्रेंड छाया हुआ है, जहां लोग अपनी 10 साल पुरानी यानी 2016 की तस्वीरें शेयर कर रहे हैं. आम लोग हों या सेलेब्स, सब ये दिखा रहे हैं कि तब वो कैसे थे और जिंदगी किस मोड़ पर थी. इसी ट्रेंड में अब एक्टर विजय वर्मा भी कूद पड़े हैं, लेकिन उनकी पुरानी यादों में एक ऐसी तस्वीर निकल आई, जिसने इंटरनेट पर तहलका मचा दिया. दरअसल, विजय वर्मा ने 2016 की 17 तस्वीरें शेयर की हैं. इनमें से एक तस्वीर अमिताभ बच्चन के घर की है, जहां उन्होंने बिग बी के बाथरूम में सेल्फी ली थी. खास बात ये है कि उस सेल्फी में नजर आ रहा है सोने का बना टॉयलेट. विजय ने पोस्ट के साथ लिखा है कि 2016 उनके लिए मील का पत्थर था. इसी साल उन्हें अमिताभ बच्चन और शुजीत सरकार के साथ फिल्म 'पिंक' में काम करने का मौका मिला. इसी दौरान सचिन तेंदुलकर से मुलाकात हुई, बच्चन साहब के घर गोल्डन टॉयलेट के साथ सेल्फी ली, जिम में फातिमा सना शेख और सान्या मल्होत्रा से दोस्ती हुई और अपने आइडल इरफान खान से भी मिलने का मौका मिला. इसके अलावा उन्होंने 'यारा' और म्यूजिक वीडियो 'नैना बावरे' जैसे प्रोजेक्ट्स भी किए और नई-नई मिली पहचान को खूब एंजॉय किया.

## Highlights

1. **14,000 belongings of Air India crash victims still unaccounted for**

2. **From Budget session, attendance to be recorded only when MPs seated in House: LS Speaker**

3. **Witness who tried to save Noida techie says police pressured him to change statement**

4. **Drug smuggling busted in Maharashtra's Nalasopara, three arrested**

# Gold tears past ₹1.5 lakh in India as trade war fears trigger a rush to safe havens

**NEW DELHI, (Agency).**

Gold and silver prices in India tore through record highs Wednesday, tracking a ferocious global rally as escalating trade tensions between the US and Europe sent investors fleeing to safe-haven assets.

On the Multi Commodity Exchange (MCX), gold futures for February delivery surged past the psychological ₹1.5 lakh barrier, rising as much 4.90% to ₹1,58,339/10 gm. Silver continued its blistering outperformances, with March futures surging to an intraday high of ₹3,34,027/kg—up 3.19%.



The catalyst for the latest leg of the bullion super-cycle appears to be renewed geopolitical friction. Market sentiment turned risk-averse following after US President Donald Trump threatened tariffs on European allies if they don't United States' plan to annex Greenland from Denmark. The uncertainty was compounded after the US Supreme Court delayed a ruling on the legality of existing trade levies, effectively keeping the tariff threat alive.

"It's the loss of trust in the US... The move in gold reflects fears about global geopolitical (tensions)," Kyle Rodda, a senior market analyst at Capital.com, told Reuters.

In the domestic market, the rally has been nothing short of explosive. Silver prices have jumped nearly ₹17,700 kg in just two sessions, driven by a "perfect storm" of industrial demand and geopolitical convulsions.

The divergence between the surging precious metals and the broader Indian equities market was stark on Wednesday. While the S&P BSE Sensex struggled for direction, bullion ETFs saw heavy inflows.

# Bitcoin falls below $90,000, down nearly 10% in two days

**NEW DELHI, (Agency).** Bitcoin fell back below the $90,000-mark, hitting its weakest level in over a week as a broad selloff swept through global markets and investors pulled back from riskier assets amid mounting geopolitical uncertainty.

The world's largest cryptocurrency dropped under $90,000 for the first time since January 9, mirroring losses across equities, long-term US Treasuries and Japanese government bonds as turbulence spread through debt markets, Bloomberg reported. After sliding as much as 4% on Tuesday, Bitcoin extended its decline into Wednesday's Asian trading hours, last trading down 0.5% at 88,894 dollars as of 9:27 am in Singapore.




Market participants said the 90,000 dollars level has been a key technical threshold in recent weeks. Karim Dandashy, an over-the-counter trader at crypto firm Flowdesk, said the mark has repeatedly acted as a support zone since the start of the year and could prove crucial for Bitcoin's near-term direction, as per the report. Losses were sharper among smaller and less liquid cryptocurrencies. Ether sank more than 7%, while Solana slipped 5.3%.

# निगम के मस्टरकर्मी ने प्लॉट दिलाने के नाम की धोखाधड़ी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। संयोगितागंज पुलिस ने प्लॉट दिलाने के नाम पर लोगों से धोखाधड़ी करने के मामले में नगर निगम के एक मस्टरकर्मी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। आरोपी पर अलग-अलग कॉलोनियों में नगर निगम की योजना के तहत सस्ते प्लॉट दिलाने का झांसा देकर करीब 31 लाख रुपए की ठगी करने का आरोप है।**

संयोगितागंज पुलिस के मुताबिक पारसी मोहल्ला निवासी प्रदीप रायकवार की शिकायत पर शैलेन्द्र उर्फ चीकू पुत्र प्रदीप दीक्षित के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि आरोपी नगर निगम में मस्टरकर्मी के पद पर कार्यरत है और कॉलोनी में रहने के कारण उसका बचपन का परिचित भी है। अगस्त 2023 में प्रदीप ने शैलेन्द्र से परिवार के लिए प्लॉट खरीदने की बात कही थी। इस पर आरोपी ने बिचौली मर्दाना क्षेत्र के पास एक कॉलोनी में 600 वर्गफीट का प्लॉट होना बताया। इसकी कीमत 4200 रुपए प्रति वर्गफीट बताई गई, लेकिन नगर निगम की गरीबी रेखा वाली योजना के तहत 2100 रुपए प्रति वर्गफीट में प्लॉट दिलाने का भरोसा दिलाया। प्लॉट दिखाने और प्रक्रिया के नाम पर आरोपी अलग-अलग किश्तों में रुपए लेता रहा, लेकिन न तो प्लॉट की रजिस्ट्री कराई और न ही कब्जा दिलाया। आरोप है कि इस दौरान उसने प्रदीप रायकवार के दस्तावेज और एक कार भी ले ली, जिसे बिना किश्त चुकाए पलासिया क्षेत्र के एक व्यक्ति के पास गिरवी रख दिया। पुलिस को युनुस खान निवासी उषागंज छावनी, बनवीर चौहान और आशा चौहान की ओर से भी शिकायतें मिली हैं। इन सभी ने बताया कि आरोपी ने प्लॉट की खरीदी-बिक्री के नाम पर उनसे भी लाखों रुपए लेकर धोखाधड़ी की है। संयोगितागंज पुलिस ने सोमवार को आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

## मां की उधारी के लिए बेटे ने की चाकूबाजी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। कनाड़िया थाना क्षेत्र में चाकूबाजी की वारदात सामने आई है। मां से लिए गए उधार रुपए की वसूली को लेकर हुए विवाद में आरोपी ने एक युवक के सीने में चाकू मारकर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कनाड़िया पुलिस ने सोमवार को करण देवले निवासी इदरीस नगर की शिकायत पर शुभम उर्फ शंभू चौहान निवासी शांति नगर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। करण देवले कबाड़ का काम करता है। उसने बताया कि वह अग्रवाल स्कूल के सामने कबाड़ की दुकान के पास बैठा था, तभी आरोपी शुभम वहां पहुंचा और उससे 250 रुपए वापस मांगने लगा। करण ने शुभम से कहा कि वह शाम तक रुपए लौटा देगा। इसी बात पर विवाद बढ़ गया और आरोपी ने चाकू निकालकर हमला कर दिया। चाकू करण के सीने में जा लगा, जिससे वह घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। करण ने पुलिस को बताया कि उसने आरोपी की मां से 250 रुपए उधार लिए थे और उसी की वसूली के लिए आरोपी आया था। पुलिस ने बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है।

## बाइक की टक्कर से बच्चे की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। निरजंनपुर इलाके में एक हादसे में 8 साल के बच्चे की मौत हो गई। टीआई तारेश सोनी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब साढ़े पांच बजे शिवांक (8) पिता गिरजा शंकर शर्मा को हादसे के बाद एमवाय अस्पताल भेजा गया था। जहां शिवांक को चेकअप के बाद डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। शिवांक को एक तेज रफ्तार बाइक ने टक्कर मारी थी। जिसमें वह गंभीर घायल हुआ था। शिवांक केरियर कॉन्वेट स्कूल में दूसरी कक्षा की पढ़ाई कर रहा था। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है। पुलिस ने टक्कर मारने वाली बाइक जब्त कर ली है।

## सुपर कॉरिडोर पर एम्बुलेंस का पेट्रोल खत्म

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। एक मरीज को ले जा रही एम्बुलेंस का पेट्रोल खत्म होने का मामला सामने आया है। सोमवार रात रात्रि 11 बजकर 58 मिनट पर 112 डायल नंबर पर सूचना प्राप्त हुई कि सागौर कुटी धार से एम्बुलेंस ड्राइवर विवेक कुमार मरीज को लेकर इंदौर के निजी अस्पताल में ला रहा है। सुपर कॉरिडोर चौराहे के पास पेट्रोल खत्म होने से एम्बुलेंस खड़ी हो गई। एंबुलेस के ड्राइवर विवेक ने 112 नंबर डायल किया गया। सूचना पर एफआरवी 2 थाना एरोड्रम में तैनात आरक्षक मनीष, जोगेंद्र और पायलट अरविंद मौके पर पहुंचे। उन्होंने एंबुलेस को पेट्रोल पंप तक पहुंचाया। जिसके बाद मरीज को समय रहते अस्पताल पहुंचाया जा सका।

## अलाव में गिरने से दिव्यांग युवक की मौत

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। राउ थाना क्षेत्र के रंगवासा गांव में एक दर्दनाक हादसे में दिव्यांग युवक की मौत हो गई। युवक 16 जनवरी की रात अलाव जलाने के दौरान संतुलन बिगड़ने से आग में गिर गया था। गंभीर रूप से झुलसे युवक को उपचार के लिए एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां सोमवार को उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। राउ पुलिस के अनुसार मृतक की पहचान सुनील (30) पुत्र राम चौहान के रूप में हुई है। वह खेत के पास अलाव जलाकर बैठा था। रात में उठने के दौरान संतुलन बिगड़ने से वह सीधे अलाव पर गिर पड़ा। गिरते ही उसके जैकेट ने आग पकड़ ली। सुनील ने बचने के लिए शोर मचाया, पड़ोसी मौके पर पहुंचे और उसे आग से बाहर निकाला। हादसे में सुनील का गला और सीना गंभीर रूप से झुलस गया था। देर रात करीब 2 बजे उसे एमवाय अस्पताल में भर्ती कराया गया था। परिजनों ने बताया कि सुनील दोनों पैरों से ठीक से चल नहीं पाता था और मजदूरी कर अपना जीवन यापन करता था। उसकी शादी नहीं हुई थी। उसके छोटे भाई राहुल को भी इसी तरह की शारीरिक परेशानी है। हादसे के समय सुनील खेत पर अकेला मौजूद था। पुलिस घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है।



DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

विवाह के बंधन में बंधने से पहले एक बार तहकीकात ज़रूर करवाएँ

लीजिये डिटेक्टिव की मदद

+91-91110 50101

www.detectivegroup.in

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535

■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।

इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक